अपील

नेतरहाट आवासीय विद्यालय

नोबा व नेतरहाट महापरिवार (जिनके बच्चे कभी या अभी नेतरहाट में अध्ययनरत रहे हों)

प्रिय बन्धु :

आप संभवतः अवगत हैं कि झारखण्ड सरकार ने नेतरहाट विद्यालय स्वायतशासी संस्था के निबंधन की स्वीकृति देने के पश्चात् नेतरहाट आवासीय विद्यालय के सम्पूर्ण प्रशासन, संचालन व प्रगति का उत्तरदायित्व नियमावली के तहत जिस नेतरहाट विद्यालय समिति की सामान्य निकाय (जिसकी अध्यक्ष माननीया शिक्षा मंत्री, डा. नीरा यादव जी हैं) और कार्यकारिणी समिति (जिसके पदेन पूर्ववर्ती छात्र के रूप में सभापति सम्प्रति, प्रथम बैच का मैं कृष्ण कुमार नाग हूं) को सौंपा गया है, उनमें नोबा सदस्यों की उल्लेखनीय संख्या है। अतः नेतरहाट विद्यालय की उन्नति–अवनति में हम सभी (प्रथम बैच से लेकर पिछले वर्ष तक के पूर्ववर्ती छात्रों) की अत्यन्त महत्वपूर्ण अहम भूमिकाएं हैं, जिन्हें निभाने का हमें निष्ठापूर्वक प्रयास करना है ताकि सफलता मिलती रहे, और विद्यालय गौरव की शिखर की ओर निरन्तर अग्रसित होता जाय। चूंकि आप वहां के छात्र/शिक्षक रह चुके हैं या आपके बच्चे कभी या अभी अध्ययनरत रहे हैं, अतः आप सर्वाधिक अनुभवी हैं यहां की खामियों और खूबियों से। उन खामियों को कैसे कम करें, खूबियों को कैसे बढ़ायें, इनके बारे में आप जहां कहीं भी हों, अपनी पुरानी संस्था के हितार्थ व्यस्तता के क्षणों से कुछ समय निकालने का कष्ट करें और निःसंकोच अपने सुझाव मेरे e-mail : kknag.2010@rediffmail.com या पत्राचार के पते : डा. के.के. नाग, पूर्व कुलपति, रामेश्वरम, बरियातु रोड, रांची–834009 पर प्रेषित करें।

तत्काल मुख्यतः दो कार्यों में आपसे मदद की अपील है : सत्र 2017–18 में छात्र नामांकन व शिक्षकों के दस पदों पर नियुक्ति, जिनके बारे समाचार पत्रों में तीन दिन पूर्व विज्ञापन आ चुके हैं व विद्यालय वेबसाइट www.netarhatvidayalaya.com पर भी उपलब्ध हैं। इस वर्ष नेतरहाट विद्यालय कार्यकारिणी समिति की ही देख – रेख में नामांकन दो चरणों में : जिला स्तर में प्रारंभिक व प्रमण्डल स्तर पर अन्तिम प्रतियोगिता परीक्षा होनी है। यदि आप झारखण्ड में कहीं भी निवास कर रहें हो, अथवा अन्यत्र भी हों तो यदि आप के परिचित, मातहत, स्वजन जो अभी इस राज्य में हैं उनसे नेतरहाट की खूबियों को बताते हुए मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्राचार्यो से आग्रह करें कि वे अपने मेधावी अध्ययनरत 10 से 12 वर्ष के स्वस्थ बच्चों के नामांकन हेतु जिला शिक्षा पदाधिकारी के सहयोग से आवेदन देने (आवेदन की अन्तिम तिथि 23.9.2017 है) हेतु उत्प्रेरित करने की कृपा करें (वेबसाइट से डाउनलोड या जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय से या समिति कार्यालय से या अखबार में छपे विज्ञापन से आवेदन प्रपत्र बनाया जा सकता है)। इसी प्रकार गुणी शिक्षकों को आवेदन देने के संदर्भ में बताएं कि वहां के शिक्षकों को भारतीय विश्वविद्यालयों के प्रोफेसर के लगभग समतुल्य वेतनमान के अतिरिक्त विशेष भत्ते के साथ कई अन्य तरह की सुविधाएं तो हैं ही, उनके बच्चों की शिक्षा की भी व्यवस्था है। आपका इस दिशा में योगदान सराहनीय होगा।

कृष्ण कुमार नाग
पूर्ववर्ती छात्र प्रथम बैच
सभापति
नेतरहाट विद्यालय कार्यकारिणी समिति